मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 79 ■ बुधवार, 4 जून 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**दीपिका की 8 घंटे शिफ्ट डिमांड पर बहस जारी**

# सत्तापक्ष में एंट्री के लिए तरस रहे कालानी

- **कुर्सी मोह के लिए फिर दर-दर भटक रहे**
- **भाजपा-शिवसेना व राकांपा के दफ्तरों के चक्कर काट रहे कालानी**
- **मनपा चुनाव की तैयारी हेतु पक्ष बदलने की बैठक जारी**




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव आगामी अक्टूबर 2025 में होने के संकेत हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव की हार को बुलाते हुए ओमी पप्पू कालानी फिर सक्रिय हो गए हैं। हमेशा से ही सत्ता व कुर्सी का स्वाद लेने के लिए उन्होंने दल-बदल किए हैं। इस बार भी वही कोशिशें कालानी की चल रही है। विधानसभा टिकट पाने के लिए राकांपा शरद पवार के पैरों में तक गिर गए लेकिन शहर की जनता ने उन्हें नकार दिया। हार के बाद कई नेता यह जान गए हैं कि कालानी की ताकत कम हो गई है और अब कालानी को अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए एक मात्र सत्तापक्ष की किसी भी पार्टी में एंट्री करनी होगी।

राकांपा प्रमुख शरद पवार को एक बार फिर पीठ में खंजर डालकर उन्हीं की राकांपा अजित पवार गुट में कालानी के प्रवेश की कोशिशें पिछले कुछ समय से आनंद परांजपे द्वारा चल रही है। कालानी के कुछ हवाहवाई नेता

**■ शरद पवार की पीठ पर फिर खंजर!**



अपने पुराने साथियों के साथ प्रदेश कार्यालय के चक्कर भी काटते देखे गए लेकिन उन्हें वरिष्ठ नेताओं ने किसी भी तरह के संकेत नहीं दिए। जिसके बाद कालानी शिवसेना शिंदे गुट की तरफ अपना रुख किए हुए हैं। शिंदे गुट से नजदीकियों का फायदा कालानी उठाना तो चाहते हैं लेकिन स्थानीय नेता यह कभी नहीं चाहेंगे। क्योंकि हाईजैक में माहिर कालानी उन्हें ही दरकिनार कर सकते हैं। इन दोनों प्रमुख सत्तापक्ष राकांपा व शिवसेना के बाद कालानी की निगाहें भाजपा पर भी है शहर में कई दिनों से चर्चा है कि भाजपा में दोबारा जाने की तैयारी कालानी कर रहे हैं। लेकिन भाजपा से गद्दारी कर चुके कालानी को दोबारा शामिल करने की गलती मंत्री रविंद्र चव्हाण नहीं करेंगे। क्योंकि अब भाजपा की कमान कालानी विरोधियों के हाथों में है उनका लक्ष्य कालानी का शहर से सफाया है।

कालानी की सत्तापक्ष में आने की रणनीति पर पानी फेरने के लिए सत्तापक्ष के नेता कर तो रहे हैं लेकिन वो कितने सफल होंगे यह देखने वाली बात होगी। तीनों पक्षों में कालानी ने सर्वाधिक सीटें जीतने और महापौर का दावा भी ठोक चुके हैं। कालानी सभी से यह कहते सुने गए हैं कि उन्हें भाजपा, राकांपा व शिवसेना में प्रवेश करने का न्योता है जबकि महाराष्ट्र सरकार को कालानी की कोई जरूरत नहीं।

**युवाओं को फिर लॉलीपॉप**

कालानी की चुनाव संबंधित बैठकों में युवाओं व अपने आपको भावी नगरसेवक मानने वाले नेताओं के नदारद होने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कालानी सत्तापक्ष में शामिल तीनों पक्ष में जाने की जो रणनीति कर रहे हैं उससे युवा नाराज हैं क्योंकि अगर ऐसा होगा तो पुराने सत्तापक्ष के नगरसेवक कायम रहेंगे और युवाओं को मौका नहीं मिलेगा। कालानी अब वर्चस्व व अपनी कुर्सी बचाने के लिए चुनाव लड़ेंगे उन्हें युवा नेताओं के भविष्य की कोई परवाह नहीं है लेकिन उनके युवा नेताओं का कहना है कि वो मैदान में डटे रहेंगे चाहे कालानी हो या ना हो। तो बगावत अभी से ही शुरु हो गई है। लॉलीपॉप लेकर बैठे युवाओं पर भी सबकी नजर होगी।

**कल्याण क्राइम ब्रांच की कार्रवाई**

# उल्हासनगर के दो डांस बारों पर का मारा छापा

- **36 बार गर्ल्स समेत 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**



**उल्हासनगर.** रात के अंधेरे में खुलेआम चल रहे बार गर्ल्स के जश्न को भोर तक चले पुलिस ऑपरेशन में नाकाम कर दिया गया। उल्हासनगर में प्रतिबंध के बावजूद दो ऑर्केस्ट्रा बार फिर से खुलने की जानकारी मिलने पर कल्याण क्राइम ब्रांच पुलिस ने छापा मारा और 36 बार गर्ल्स समेत कुल 45 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 में सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर कल्याण क्राइम ब्रांच की टीम ने दो डांस बार, आसियाना और पैराडाइज के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की, जो देर रात तक खुले रहते थे। इस कार्रवाई में आसियाना बार में 8 और पैराडाइज बार में 28 बारगर्ल्स पाई गईं तथा ग्राहकों, वेटरों और कैशियरों सहित कुल 45 लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। यह ऑपरेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे के नेतृत्व वाली टीम द्वारा रात 12.30 बजे शुरू किया गया और सुबह 6.30 बजे तक जारी रहा।

सूत्रों के अनुसार, छापेमारी की सूचना मिलते ही आसियाना बार के प्रबंधन ने कई बारगर्ल्स को चोर दरवाजे से बाहर भगा दिया था। नतीजतन, केवल 8 लोग ही मिले, लेकिन पैराडाइज बार में पुलिस को ग्राहकों के साथ 28 बारगर्ल्स और कई अन्य कर्मचारी मिले।

उल्लेखनीय है कि ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने हाल ही में उल्हासनगर में अनियमितताओं के कारण अधिकांश बारों को महीनों के लिए निलंबित करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि कुछ बार संचालक इन नियमों का उल्लंघन करते हुए अपना काम जारी रखे हुए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से बार संचालकों में हड़कंप मच गया है और पुलिस प्रशासन ने संकेत दिया है कि भविष्य में ऐसे अवैध बार संचालकों के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# APMC के चुनाव 29 जून को

- **14 आवेदन खारिज**

**कल्याण.** कल्याण कृषि उपज बाजार समिति के संचालक पद के लिए चुनाव रविवार (29 जून) को होगा। आवेदन जमा करने के अंतिम दिन 154 उम्मीदवारों ने अपने आवेदन जमा किए थे; हालांकि, सोमवार (2 जून) को जांच के बाद 14 आवेदन खारिज कर दिए गए, जिससे चुनाव मैदान में 140 उम्मीदवार रह गए। 3 से 17 जून के बीच कितने उम्मीदवारों ने अपना आवेदन वापस लिया? इसके बाद ही यह तस्वीर साफ हो सकेगी कि चुनाव मैदान में कितने उम्मीदवार होंगे। कल्याण कृषि उपज बाजार समिति के निदेशक पद के लिए कुल 18 सीटें हैं, जिनमें से 11 किसान सेवा सोसायटी निर्वाचन क्षेत्र हैं, चार ग्राम पंचायत निर्वाचन क्षेत्र हैं, दो व्यापारी निर्वाचन क्षेत्र हैं, और एक हमाल माथाडी निर्वाचन क्षेत्र है। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्हों का वितरण 18 जून को किया जाएगा तथा मतदान 29 जून को होगा तथा उसी दिन मतगणना भी होगी।

# उल्हासनगर में बढ़ते क्राइम के खिलाफ आंदोलन

- **8 प्रमुख मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन**
- **पुलिस उपायुक्त ने तत्काल सकारात्मक आदेश जारी किए**
- **पुलिसकर्मियों पर भी लिया जाएगा एक्शन**
- **डांस बारों के भी लाइसेंस जांच कर किए जाएंगे रद्द**



**उल्हासनगर** पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 कार्यालय के बाहर प्रहार जनशक्ति पक्ष और राष्ट्र कल्याण पार्टी के संयुक्त नेतृत्व में धरना दिया गया। जहां पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट रूप से 8 गंभीर मुद्दों पर तत्काल निर्णय लेने और सकारात्मक कदम उठाने का वादा किया। शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ प्रहार जनशक्ति पक्ष के ठाणे जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वप्निल पाटिल और राष्ट्र कल्याण पार्टी के शैलेश तिवारी के नेतृत्व में धरना दिया गया। पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों और अव्यवस्था के खिलाफ यह आवाज मजबूती से उठाई गई। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान जोन-4 के पुलिस उपायुक्त ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को गंभीरता से लिया और निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत धारा 92 और 93 को लागू करने के आदेश मंगलवार शाम तक सभी पुलिस स्टेशनों को दे दिए जाएंगे। प्रभु श्रीराम चौक और शहर के अन्य स्थानों पर डांस बार के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया भी चल रही है। जबरन वसूली मांगने वाले पुलिस कर्मियों को प्रारंभिक जांच में दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच (डीई) शुरू की गई है। जांच पूरी होने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस प्रशंसा पदक का केक काटने के मामले में पुलिस कांस्टेबल योगेश शिंदे की 1 साल की वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। उन्हें इस संबंध में अनुशासनात्मक नोटिस दिया गया है।

तत्कालीन मुख्यमंत्री के आदेश से बंद किए गए डांस बार के फिर से खुलने के संबंध में उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त को पत्र भेजा गया है और इस संबंध में फिर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर में सभी अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इस विरोध प्रदर्शन में दोनों दलों के कार्यकर्ता, दिव्यांग भाई, पदाधिकारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। चूंकि विरोध प्रदर्शन अनुशासित, शांतिपूर्ण और ठोस मुद्दों पर केंद्रित था, इसलिए प्रशासन को भी प्रदर्शनकारियों की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि ₹यह विरोध प्रदर्शन अभी शुरुआत है। नागरिकों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए राष्ट्र कल्याण पार्टी का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

**पुलिस के किसी भी 'कलेक्टर' की नियुक्ति नहीं**

उल्हासनगर जोन-4 में 'कलेक्टर' नामक किसी भी पुलिसकर्मी की कोई आधिकारिक नियुक्ति नहीं है; चाहे वह पाटिल हो या शिंदे – कोई भी कदाचार करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ऐसा उपायुक्त ने स्पष्ट किया। अपराध की जांच के लिए आवश्यक सीसीटीवी फुटेज लेने में लापरवाही बरतने के लिए हिललाइन पुलिस स्टेशन की भी जांच की जाएगी और अगले 7 दिनों में उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सुभाष टेकड़ी में मध्य रात्रि में जलापूर्ति की समस्या समाप्त

- **पानी छोड़े जाने का समय निश्चित होने से मिलेगी राहत**



**उल्हासनगर.** पिछले कई वर्षों से सुभाष टेकड़ी के नागरिक, विशेषकर महिलाएं, अनिश्चित समय पर, कभी देर रात को तो कभी आधी रात को जलापूर्ति होने के कारण परेशान हो रही थीं। सोमवार (2 तारीख) को महानगर पालिका ने पानी की आपूर्ति का समय तय कर दिया और पानी के लिए आधी रात की शिफ्ट में जागकर काम करने वाली महिलाओं को इस परेशानी से राहत मिल गई है।

पानी का समय निर्धारित करने के लिए कई राजनीतिक दलों व संगठनों द्वारा विरोध किए जाने के बाद मनपा ने अपनी वेबसाइट पर जलापूर्ति का कार्यक्रम तो घोषित कर दिया, लेकिन सही मायने में समय का पालन नहीं हो रहा है। विधायक डॉ. बालाजी किनिकर, संविधान बहुउद्देशीय संस्था के संजय वाघमारे, दिवाकर खाले, संदीप डोंगरे, प्रदीप गोडसे, प्रो. सुरेश सोनावणे, सुरेश देशमुख आदि ने आयुक्त मनीषा आव्हाले से मुलाकात कर यहां जलापूर्ति का समय तय करने के लिए ज्ञापन सौंपा था. इस समय यह आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही सुविधाजनक समय निर्धारित कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर अपर आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त अनंत जवादवार, कार्यकारी अभियंता अशोक घुले, परमेश्वर बुडगे, दीपक ढोले, मिरकुटे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वादे के अनुसार मनपा प्रशासन ने सुभाष टेकड़ी के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति का समय तय करके उपाय किए गए हैं। अगले 15 दिनों में दहाचाल, भीमशक्ति, डिफेंस, अशोक वन, बुद्धा कॉलोनी, महात्मा फुले कॉलोनी और सर्टिफाई स्कूल के इलाकों में रात 9 से 10 बजे के बीच और सुभाष टेकड़ी, साईंबाबा, आम्रपाली, पंचशील, सिद्धार्थ हाउसिंग सोसायटी और गुरुद्वारा के खंडों में रात 10 से 11 बजे के बीच पानी की आपूर्ति फिर से शुरू की जाएगी।

# ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में 6 महीने बाद टोइंग कार्रवाई फिर से शुरू



**कल्याण.** ठाणे परिवहन शाखा ने ठाणे से बदलापुर और भिवंडी तक टोइंग परिचालन फिर से शुरू करने का फैसला किया है, जो पिछले छह महीने से निलंबित था। पुलिस को वाहनों के अनुचित संचालन तथा कर्मचारियों के बीच विवाद की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नागरिकों की शिकायत के बाद यातायात पुलिस को यह अभियान रोकना पड़ा।

ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में ठाणे से बदलापुर और भिवंडी शहर का हिस्सा शामिल है। यहां, ठाणे शहर यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई करती है। सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क किए गए दोपहिया वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहन द्वारा कार्रवाई की जा रही थी। इस कार्य को करते समय टोइंग वाहनों पर मौजूद कर्मचारी चालकों से बहस करते थे। कई बार तो बाइक को तब भी उठा लिया जाता था जब चालक उससे कुछ दूरी पर होता था। इसके चलते यातायात पुलिस को कई शिकायतें प्राप्त हुईं। टोइंग को रोकने के लिए विरोध प्रदर्शन भी हुए। इसलिए, यातायात पुलिस के लिए टोइंग ऑपरेशन को रोकने का समय आ गया था। अब ठाणे परिवहन शाखा ने इस टोइंग ऑपरेशन को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। टोइंग वाहन पर सीसीटीवी कैमरे और एक उद्घोषक लगाया गया है। इन सीसीटीवी कैमरों की दस दिन की फुटेज सुरक्षित रखी जाएगी। पुलिस उपायुक्त (परिवहन शाखा) पंकज शिरसाट ने स्पष्ट किया कि लाउडस्पीकर पर घोषणा होने के बाद वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अंबरनाथ में टीओडी मीटर का विरोध

- **अंबरनाथ कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी**



**अंबरनाथ.** बदलापुर के बाद अब अंबरनाथ में भी टीओडी मीटर का विरोध हो रहा है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष कृष्ण रसाल पाटिल ने संबंधित प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि नागरिकों को टीओडी मीटर लगाने के लिए मजबूर किया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

आसमान छूते बिजली बिलों से नागरिकों को राहत तो मिल नहीं रही है, बल्कि केंद्र सरकार ने नई आरडीएसएस योजना भी शुरू की है। बढ़ती मांग के अनुरूप बिजली वितरण प्रणाली में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से देशभर में 4 लाख करोड़ रुपये की आरडीएसएस योजना लागू की जा रही है। यह देखा गया है कि इस योजना के तहत अंबरनाथ में भी नागरिकों के घरों और आवासीय सोसायटियों में मीटर बदले जा रहे हैं। हालाँकि, नागरिकों की अनुमति के बिना जबरन टीओडी मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके चलते बदलापुर के बाद अब अंबरनाथ में भी विरोध हो रहा है।

इस बीच, कांग्रेस शहर अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने टीओडी मीटर का विरोध करते हुए एमएसईडीसीएल को एक लिखित बयान सौंपा है। चूंकि नागरिकों को इसे स्थापित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने शुक्रवार (6 तारीख) को सुबह 11 बजे इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। नागरिकों से विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# कटाई-कर्जत राजमार्ग पर जाम

- **वाहन चालक परेशान**

**अंबरनाथ.** रविवार को रात 9 बजे के आसपास वाहन चालकों को अंबरनाथ जाने वाले कटाई-कर्जत राज्य राजमार्ग पर पाइपलाइन रोड पर भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। तीन घंटे तक वाहन एक ही स्थान पर फंसे रहे. वाहन चालक काफी हैरान थे.

कर्जत-कटाई राज्य राजमार्ग यह अंबरनाथ और बदलापुर शहरों को ठाणे, नवी मुंबई और मुंबई से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण राज्य राजमार्ग है। हालांकि यह राज्य राजमार्ग सड़क के कंक्रीटीकरण और चौड़ीकरण के कारण वाहन चालकों के लिए संपर्क मार्ग बन गया है, लेकिन पलावा और अंबरनाथ पाइपलाइन सड़कों पर अभी भी रोजाना ट्रैफिक जाम रहता है। इसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रविवार रात को पाइपलाइन रोड पर टी-जंक्शन से पहले इसी सड़क पर अनियंत्रित वाहन चालकों के कारण तीन घंटे तक यातायात जाम रहा। इस स्थिति में जो एम्बुलेंसें फंसी थीं, उनकी हालत जानलेवा थी।

# बारवी नदी पर मछली पकड़ने के लिए जुटी भीड़

**कल्याण.** मुरबाड तालुका में नदियां और नाले उफान पर हैं। इसलिए, मछली पकड़ने की छड़ और मछली पकड़ने के जाल जैसे पारंपरिक उपकरणों के साथ ग्रामीण नदी की ओर दौड़ पड़े हैं और वहां खाने-पीने के शौकीनों की भीड़ देखने को मिल रही है।

मुरबाड की बारवी नदी में मछलियों की विभिन्न प्रजातियां हैं। बारवी नदी बेसिन से कटला, गावठी वाय, मोठी कोळंबी, करवाळी, तेलाप्पे के अलावा चिचे, मळे, मुरी जैसी छोटी लेकिन स्वादिष्ट मछलियाँ पकड़ी जाती हैं। इन मछलियों को शहर के बाजार के साथ-साथ म्हसा और सरलगांव जैसी जगहों पर भी बिक्री के लिए लाया जाता है। कुछ मछुआरे अपनी मछलियों को चूल्हे पर सुखाते हैं और हल्दी छिड़ककर लम्बे समय तक संग्रहीत करते हैं। इसलिए सूखी मछली चार सौ से पांच सौ रुपये प्रति किलोग्राम बिकती है, जबकि गीली मछली दो सौ से तीन सौ रुपये प्रति किलोग्राम बिकती है।

हल्दी, नमक और मसालों के साथ सिर्फ प्याज और तेल में तली हुई मछली रोटी के साथ स्वादिष्ट लगती है। इसलिए, मुरबाड तालुका में बारवी नदी की मछली की विशेष मांग है। इसलिए, तालुका से बड़ी संख्या में मछुआरे इस स्थान पर मीठे पानी की मछलियाँ पकड़ने के लिए आ रहे हैं।

बारवी नदी में कई प्रकार की देशी मछलियाँ हैं। कई लोग घंटों तक मछली पकड़ने का आनंद लेते हैं। मछली हर दिन उपलब्ध है. समय व्यर्थ नहीं बीतता. इससे रोजगार मिलता है। स्थानीय मछुआरों का कहना है कि उनके पास खाने के लिए स्वादिष्ट मछलियाँ भी हैं।

# समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन कल

**कल्याण.** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज के उद्घाटन का मुहूर्त निकाल लिया है। गुरुवार, 5 जून को इगतपुरी से आमने तक बने समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा। अंतिम फेज के खुलने से वाहन कम समय में मुंबई से नागपुर आ-जा सकेंगे।

समृद्धि के अंतिम के 76 किमी के मार्ग का निर्माण कार्य करीब एक महीने पहले ही पूरा कर लिया गया है। लेकिन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हाइवे का उद्घाटन कराना चाहती थी। इस वजह से निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी अंतिम फेज को वाहनों के लिए खोला नहीं जा रहा था। प्रधानमंत्री की ओर से समय न मिल पाने के बाद सरकार ने अब बिना उनकी उपस्थिति के इस चालू करने का फैसला किया है। MSRDC के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 5 जून को समृद्धि महामार्ग के अंतिम फेज का उद्घाटन किया जाएगा।

**फिलहाल 625 किमी के मार्ग पर आवाजाही**

मुंबई से नागपुर के बीच 701 किमी लंबा हाइवे तैयार किया गया है। अब तक 701 किमी में से अब तक 625 किमी के मार्ग पर वाहनों के लिए खोल दिया गया है। 11 दिसंबर 2022 को नागपुर से शिर्डी के बीच 520 किमी हाइवे को खोला गया था। दूसरे फेज के तहत शिर्डी से भरवीर के 80 किमी के मार्ग और पिछले साल तीसरे फेज में भरवीर से इगतपुरी के बीच के 25 किमी मार्ग को खोला गया था।



**अब सिर्फ 7 घंटे में पूरा सफर**

पूरे हाइवे के खुलने से मुंबई से नागपुर का सफर केवल 7 से 8 घंटे में पूरा हो सकेगा। वहीं, हाइवे बनने से मुंबई से नासिक और शिर्डी जाने वाले भक्तों का भी सफर आसान होगा। मौजूदा समय में भक्तों को मुंबई से शिर्डी पहुंचने में 7 से 8 घंटे का समय लगता था, वहीं, अब यह सफर करीब 5 घंटे में पूरा हो सकेगा। समृद्धि महामार्ग को मुंबई के करीब तक लाने के लिए भिवंडी और ठाणे के नेशनल हाइवे की सड़क को चौड़ा किया जा रहा है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## नाबालिग लड़की से दरिंदगी

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग लड़की से दरिंदगी और फिर उसके इलाज में लापरवाही पूरी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली है। बलात्कार और बर्बरता झेलने के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही मासूम ने रविवार को पटना के एक बड़े सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना ने मानवीय संवेदना को झकझोर दिया है। राज्य में कानून व्यवस्था पर तीखे सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते मुजफ्फरपुर के उसके गांव में इस मासूम लड़की को दरिंदगी का शिकार बनाया गया था।

आरोपी ने न केवल उससे बलात्कार किया, बल्कि धारदार हथियार से हमला कर उसे मारने की भी कोशिश की थी। पीड़िता को बीते शनिवार को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कालेज एवं अस्पताल लाया गया था। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध न होने का हवाला देकर जिंदगी और मौत से जूझती उनकी बेटी को कई घंटे तक एंबुलेंस में ही इंतजार कराया गया। मामले के तूल पकड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

यह घटना वास्तव में अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ समूचे सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर करती है। सवाल है कि बच्ची जिस हालत में थी, उसके लिए इतने बड़े अस्पताल में क्या तत्काल इलाज की व्यवस्था नहीं की जा सकती थी। क्या अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेने में इसलिए लापरवाही बरती कि वह कमजोर और गरीब तबके से थी? अव्वल तो कानून-व्यवस्था उस बच्ची को एक सुरक्षित जीवन देने में नाकाम रही, फिर जब उसके साथ बर्बरता हुई तो समय पर इलाज उपलब्ध कराने के मामले में भी उसकी त्रासद उपेक्षा की गई।

बिहार में बढ़ते अपराध के बीच यह घटना एक झलक भर है कि वहां अपराधियों का दुस्साहस क्यों बढ़ रहा है और उसकी मार समाज के कमजोर वर्गों को क्यों झेलनी पड़ती है। सवाल है कि इलाज में देरी के लिए कौन जिम्मेदार है और ऐसा क्यों होने दिया गया। इसकी जवाबदेही तय कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बिहार में मौजूदा सरकार सुशासन की दुहाई देती नहीं थकती, लेकिन हकीकत इसके उलट दिख रही है।

# भारत की कुंजी बनता पूर्वोत्तर, फिर से लिख रहा अपना भाग्य

हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है, जो कभी भारतीय विकास के मानकों पर हाशिये पर था। प्राचीन कामरूप के व्यापार मार्गों से लेकर उभरते सिलिकान क्षेत्र सहित आज के सेमीकंडक्टर फैब तक, यह क्षेत्र अपना भाग्य फिर से लिख रहा है। इसीलिए हाल में राइजिंग नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत है और विकसित भारत के निर्माण के लिए इस क्षेत्र का विकसित होना बहुत जरूरी है।

2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के तहत 30 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें पूर्वोत्तर का योगदान महत्वपूर्ण होने जा रहा है। उदाहरण के रूप में आज त्रिपुरा के लगभग 10,000 टन गोल्डन क्वीन पाइनएप्पल (अनानास) की आपूर्ति अनेक देशों में की जा रही है।

11 साल पहले जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी, तब से देश की प्रगति में तेजी आई और पूर्वोत्तर क्षेत्र भी उभर कर सामने आया। प्रधानमंत्री ने एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया और पूर्वोत्तर को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' घोषित किया। पदभार ग्रहण करने के पहले कुछ महीनों में ही उन्होंने पूर्वोत्तर में कार्य करना शुरू कर दिया था। फिर उन्होंने एक दशक लंबे मिशन की नींव रखी, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर को एक उपेक्षित क्षेत्र से बदलकर विकास, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय अवसरों के मामले में देशभर में अग्रणी बनाना था।



पूर्वोत्तर का परिवर्तन निवेश के ऐतिहासिक स्तरों पर आधारित है। केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र में 6.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि का निवेश किया गया है। केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि का निवेश किया गया है। पूर्वोत्तर राज्यों के टैक्स डेविएशन को कई गुना बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। सहायता-अनुदान लगभग दोगुना अर्थात 5.66 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

भूपेन हजारिका सेतु, बोगीबील ब्रिज या सिलचर-शिलांग फोर-लेन एक्सप्रेसवे, पहाड़ी क्षेत्रों में भारत का प्रथम हाई-स्पीड कारिडोर जैसी परियोजनाओं का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में जटिल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। मिजोरम में हाल में पूरी हुई बैराबी-सैरंगरेल लाइन आइजोल को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ती है, जिससे हम 2027 तक पूर्वोत्तर प्रांतों की आठ राजधानियों- दिसपुर, ईटानगर, इंफाल, शिलांग, आइजोल, कोहिमा, गंगटोक, अगरतला को रेल से जोड़ने के अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंच गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे ने 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है और हवाई अड्डों की संख्या नौ से बढ़कर 17 हो गई है। इस तरह पूर्वोत्तर क्षेत्र 'लैंड लाक्ड' क्षेत्र से 'लैंड लिंक्ड' और भविष्य के लिए विकास के लिए तैयार क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। पूर्वोत्तर में हुए इस परिवर्तन के कारण वहां के सभी राज्यों में निवेशकों का भरोसा जगा है। इस आधारभूत परिवर्तन ने ही राइजिंग नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट, 2025 के लिए मंच तैयार किया। यह समिट पूर्वोत्तर के 4.5 करोड़ नागरिकों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ और सामूहिक रूप से 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम रहा। देश-दुनिया में इसे लेकर व्यापक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

आठ मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व वाली एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स प्रत्येक राज्य की विशिष्टता के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय कार्यनीतियां बना रही हैं। ये नीतियां प्रधानमंत्री के त्रि-आयामी सिद्धांत- एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट के अनुरूप भी हैं।

पूर्वोत्तर अब दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार और भारत-प्रशांत कार्यनीति के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्रधार बन गया है। अंतरराष्ट्रीय शहरों से अपनी अनूठी भौगोलिक निकटता के साथ पूर्वोत्तर भारत की आर्थिक कूटनीति और व्यापार एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण गलियारा है। गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहर भौगोलिक रूप से भारतीय महानगरों की तुलना में दक्षिण पूर्व एशियाई केंद्रों के करीब हैं, जिससे पूर्व की ओर आर्थिक एकीकरण को बल मिलता है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास के द्वारा हमारा दृष्टिकोण विशाल हो जाता है, और हम सबके प्रति करुणा से भरपूर हो जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सेना के अधिकारियों के बयान गंभीरता से ले सरकार

दुनिया भर में दिनोंदिन सामरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। हथियारों को अधिक मारक, कारगर और रणनीतिक रूप से सक्षम बनाने की होड़ तेज हो रही है। इसलिए हथियारों का बाजार लगातार विस्तृत हो रहा है। बहुत सारे देश प्रतिरक्षा व्यय में बढ़ोतरी करते देखे जाते हैं। अब आमने-सामने के युद्ध का दौर लगभग समाप्त हो गया है। हवाई और लक्षित हमले से दुश्मन को पराजित करने की कोशिश की जाती है। फिर, अब कोई भी युद्ध केवल दो देशों का मामला नहीं रह गया है। इसमें बहुध्रुवीय रणनीति अपनाई जाने लगी है। ऐसे में भारत युद्ध की स्थितियों से निपट पाने में कितना सक्षम है, इसका आकलन स्वाभाविक है।



पिछले दिनों पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए, तो उसके नतीजों को केवल दुश्मन देश के मुकाबले अपने शौर्य प्रदर्शन तक सीमित करके नहीं देखा जा रहा। उसमें देश की सेना ने अपनी तैयारियों, कमियों और तकनीकी क्षमता का भी आकलन करना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि युद्ध का मैदान अब कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, एलएलएम और क्वांटम तकनीक से संचालित हो रहा है। हमें अपनी नीति, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन को नए सांचे में ढालना होगा। हालांकि पिछले नौ-दस वर्षों में भारत ने अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। वायुसेना को अत्याधुनिक बमवर्षक विमानों, उन्नत संचार प्रणाली युक्त, ध्वनि से कई गुना तेज गति की मिसाइलों आदि से सुसज्जित किया गया है। रक्षा अनुसंधान पर विशेष बल दिया गया है। स्वदेशी तकनीक से विश्वस्तरीय बमवर्षक विमान और पनडुब्बियां तैयार की जा रही हैं। इसके बावजूद भारतीय सेना दुनिया के अत्याधुनिक हथियारों के सामने खुद को पूरी तरह सक्षम नहीं महसूस कर पाती।

कुछ दिनों पहले वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि सेना से संबंधित परियोजनाएं समय पर पूरा नहीं हो पाती हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि भारत जल्दी ही दुनिया के प्रमुख आयुध सामग्री आपूर्तिकर्ता देशों की कतार में शामिल होगा। अब बहुत सारे उपकरण और साजो-सामान स्वदेशी तकनीक से देश के भीतर ही तैयार कर लिए जाते हैं। हथियार के मामले में दूसरे देशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। मगर, जब वायुसेना प्रमुख और रक्षा अध्यक्ष संगठनात्मक ढांचे और रक्षा उपकरणों के मामले में बदलाव की बात कर रहे हैं, तो निस्संदेह इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

भारत बेशक कभी युद्ध के पक्ष में नहीं रहा, हमेशा शांति और सौहार्द की नीति का हिमायती रहा है, मगर पाकिस्तान और चीन की तरफ से उसे लगातार जिस तरह की चुनौतियां मिलती रहती हैं, उसमें वह अपने पारंपरिक हथियारों के जखीरे पर भरोसा करके नहीं चल सकता। पाकिस्तान के साथ संघर्ष में चीन के पाकिस्तान के पीछे खड़ा होने से कड़ी चुनौती महसूस की गई। इससे भारतीय सेना के लिए नए ढंग से रणनीतिक तैयारी की जरूरत रेखांकित हुई। निस्संदेह भारतीय सेना ने जिस तरह पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों का लक्ष्य भेदन किया, उससे पूरी दुनिया ने माना कि भारत अत्याधुनिक सामरिक तकनीक का उपयोग करने में सक्षम है। फिर भी बड़ी चुनौती चीन के साथ है, जो उन्नत हथियारों के मामले में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, रूस आदि बड़े हथियार उत्पादक देशों से लगातार प्रतिस्पर्धा करता रहा है। उम्मीद की जा सकती है कि सरकार सेनाधिकारियों के बयानों को गंभीरता से लेगी।

# घर की छत पर खड़े दूल्हे राजा को पहनाया गया 1 करोड़ का हार

जरा हट के

इं शादियों में रुपयों का लेन-देन होना आम बात है. कोई दहेज का भले ही लेन-देन न करे, मगर भारतीय शादियों में अन्य चीजों के लिए रुपयों का दिखावा इतना ज्यादा होता है कि बाहरियों को देखकर हैरानी होती है. अब इन दूल्हे राजा को ही देख लीजिए. इन्हें 1 कोरड़ रुपयों का हार पहनाया जा रहा है. हार इतना लंबा था कि वो गली तक लटकता दिखा. उसे थामने के लिए कई लोग मौजूद थे. हार को देखकर लोगों ने सोशल मीडिया पर अलग-अलग किस्म की टिप्पणी दी है.

इंस्टाग्राम यूजर आमिर मेवाती (@4m_aamir) ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जो वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक दूल्हा घर की छत पर खड़ा है और उसे लोग 1 करोड़ रुपये कीमत की 500 रुपये वाली नोटों से बना हार पहनाया जा रहा है. पहनाने वाले लड़की पक्ष के हैं या लड़के पक्ष के, ये तो नहीं मालूम चल रहा है, मगर वीडियो काफी हैरान करने वाला है. बहुत से लोग तो ये भी बोल रहे हैं कि ये हार 1 करोड़ का नहीं है, जितनी कीमत बताई जा रही है, उससे काफी कम होगा.



### लड़के को पहनाया 1 करोड़ का हार

वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि लड़का घर की छत पर खड़ा हुआ है. उसे हार पहनाया जा रहा है. हार में 500 रुपये वाली नोट लगी हुई है. हार इतना ज्यादा लंबा है कि नीचे तक फैला हुआ है. गली में लोगों को उसे पकड़ना पड़ रहा है क्योंकि हार को वो जमीन पर नहीं गिरने दे रहा है. आखिर इतने लंबे हार की क्या जरूरत, ये सोचने वाली बात है.

# स्वादिष्ट प्याज की कचौड़ी

खाना-खजाना

प्याज की कचौड़ी सुबह के नाश्ते के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसे बनाना कोई मुश्किल काम नहीं है। आप इस रेसिपी से घर पर बना सकते हैं।

**सामग्री :**

- 2 कप मैदा
- तेल मोयन के लिए
- नमक
- प्याज 3 मध्यम आकार के और बारीक कटे हुए
- सौंफ 1 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर 1 छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर आधा छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर आधा छोटा चम्मच
- हल्दी एक चौथाई छोटा चम्मच
- हरी मिर्च 2 बारीक कटी हुई
- अदरक 1 छोटा चम्मच कद्दूकस किया हुआ
- बेसन 2 बड़े चम्मच
- हरा धनिया बारीक कटा हुआ

**विधि :**

एक परात में मैदा, नमक और मोयन के लिए तेल डालें। इन्हें अच्छी तरह मिला लें। अब धीरे-धीरे पानी डालकर सख्त लेकिन मुलायम आटा गूंथ लें। इसे सेट होने के लिए रख दें। अब एक कड़ाही में 2 बड़े चम्मच तेल गर्म करें। इसमें सौंफ, अदरक, हरी मिर्च और प्याज डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक भून लें। अब बेसन डालें और धीमी आंच पर 2 से 3 मिनट के लिए भून लें जब तक बेसन का कच्चापन खत्म न हो जाए। इसमें धनिया पाउडर, हल्दी, लाल मिर्च, अमचूर और नमक मिलाएं। हरा धनिया डालें और भरावन को ठंडा होने दें। इसके बाद आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। हर लोई को हल्का सा बेलें, बीच में प्याज की स्टफिंग भरें और इसे बंद कर दें। अब हल्का सा बेल लें, ध्यान रहे कि ज्यादा पतला न हो। कड़ाही में तेल गरम करें वो भी मीडियम आंच पर। कचौड़ियों को धीमी आंच पर धीरे-धीरे सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें। गरमा-गरम प्याज की कचौड़ी तैयार है। इसे हरी चटनी या चाय के साथ सर्व करें।



# क्या है डिजिटल अफेयर?

### संकेत नजर आते ही समझ जाएं आपका पार्टनर भी कर रहा है बेवफाई




डिजिटल अफेयर का मतलब है ऑनलाइन माध्यमों जैसे मैसेजिंग ऐप्स, सोशल मीडिया, डेटिंग साइट्स या ईमेल के जरिए किसी ऐसे व्यक्ति से इमोशनल या सेक्शुअल रिलेशन बनाना जो आपका पार्टनर नहीं है। इसमें शारीरिक मुलाकात जरूरी नहीं होती, लेकिन इसमें भावनात्मक जुड़ाव और अंतरंग बातें शामिल होती हैं, जो आपके रिश्ते की नींव को खोखला कर देती हैं। यह आपके पार्टनर के लिए एक तरह का 'वर्चुअल रोमांस' होता है, जो अक्सर छिपाकर रखा जाता है।

**डिजिटल अफेयर सिर्फ चैटिंग तक सीमित नहीं है। इसमें ये सब शामिल हो सकता है:**

- पार्टनर से छिपाकर किसी और से अंतरंग या फ्लर्टी बातें करना।
- किसी खास व्यक्ति की पोस्ट पर लगातार कमेंट करना, लाइक करना या उनसे प्राइवेट मैसेज में घंटों बात करना।
- फोटो, वीडियो या टेक्स्ट के जरिए सेक्शुअल रिलेशन बनाना।
- अपनी प्राइवेट बातें और फीलिंग्स पार्टनर की बजाय किसी ऑनलाइन फ्रेंड से शेयर करना।
- डिजिटल अफेयर भी उतना ही दर्दनाक हो सकता है जितना कि एक फिजिकल बेवफाई, क्योंकि यह भरोसे को तोड़ता है और रिश्ते में दरार डालता है।

### डिजिटल अफेयर से जुड़े संकेत

अगर आप अपने पार्टनर के बरताव में ये 5 संकेत देखते हैं, तो संभल जाइए। हो सकता है वो डिजिटल अफेयर में फंसा हो।

### फोन से चिपके रहना

आपका पार्टनर अचानक अपने फोन के प्रति बहुत ज्यादा प्रोटेक्टिव हो गया है। वो हमेशा फोन अपने साथ रखता है, आपको उसका फोन छूने नहीं देता और जैसे ही आप कमरे में आते हैं, वो अपनी स्क्रीन छिपा लेता है या फोन उल्टा रख देता है। वो अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स या मैसेजिंग ऐप्स को आपसे छिपाता है और पासवर्ड नहीं बताता। अगर आप कभी फोन मांगते हैं तो बहाने बनाने लगता है या गुस्सा हो जाता है।

### रात देर तक ऑनलाइन रहना

अगर आपका पार्टनर देर रात तक ऑनलाइन रहता है, जबकि आप सो रहे होते हैं, या वॉशरूम/बाथरूम में जाकर फोन का इस्तेमाल करता है, तो यह एक बड़ा संकेत है। अगर वो आपसे छिपकर मैसेज टाइप करता है और जैसे ही आप पास आते हैं, तुरंत चैट बंद कर देता है, तो समझ लीजिए दाल में कुछ काला है। उन्हें अचानक अपने फोन पर 'काम' करने की जरूरत महसूस होती है, खासकर ऐसे समय में जब आप साथ होते हैं।

### बेवजह के मूड स्विंग

आपको लगने लगता है कि आपका पार्टनर आपसे भावनात्मक रूप से दूर हो गया है। वो आपकी बातों में दिलचस्पी नहीं लेता, आपके साथ कम समय बिताता है और पहले की तरह प्यार या अटेंशन नहीं देता। कभी-कभी वो बेवजह चिड़चिड़ा हो जाता है या फिर अचानक से बहुत ज्यादा खुश दिखने लगता है, जिसका कारण आप नहीं समझ पाते। यह उनकी ऑनलाइन गतिविधियों और किसी और से जुड़े होने का परिणाम हो सकता है।

### लगातार बहानेबाजी करना

अगर आप उनसे उनके ऑनलाइन बरताव के बारे में पूछते हैं, तो वे तुरंत बचाव की मुद्रा में आ जाते हैं। वे गुस्सा करते हैं, बातों को घुमाते हैं या आप पर ही शक करने का आरोप लगाते हैं। वे आपको यह समझाने की कोशिश करते हैं कि आप सिर्फ ज्यादा सोच रहे हैं या आप उन पर भरोसा नहीं करते। यह उनका अपराध बोध हो सकता है जो उन्हें ऐसा करने पर मजबूर करता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी।

**वृषभ** : आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। शुभ समय। शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन** : नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में उन्नति होगी।

**कर्क** : आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं।

**सिंह** : कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** : दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**तुला** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी। प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक** : दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी। राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। विवाद से बचें। लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर** : कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है।

**कुंभ** : सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। आंखों को चोट व रोग से बचाएं।

**मीन** : आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। सोच-समझकर निर्णय लें। पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# शरीर को फौलादी बना देगी लोबिया दाल

शरीर को ताकतवर बनाने के लिए लोबिया दाल का सेवन फायदेमंद माना जाता है. मसल्स को मजबूत करने के लिए लोबिया का नियमित सेवन करना चाहिए. इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है, जिससे मसल्स की ग्रोथ बढ़ सकती है. लोबिया दाल पोषक तत्वों से भरपूर दाल है. लोबिया दाल फाइबर से भरपूर होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करती है. यह कब्ज, गैस और अन्य पाचन समस्याओं को कम करने में सहायक होती है. लोबिया दाल के कुछ फायदे आपको हैरान कर देंगे.

लोबिया दाल में मौजूद फाइबर और पोटैशियम दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है और दिल की बीमारियों का खतरा कम करता है. लोबिया दाल में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं. लोबिया दाल का सेवन ब्लड शुगर को स्टेबल रखने में मदद करता है. इसमें मौजूद जटिल कार्बोहाइड्रेट्स ब्लड शुगर लेवल को धीरे-धीरे बढ़ाते हैं, जिससे यह दाल डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहतरीन ऑप्शन बन जाती है. यह दाल इंसुलिन संवेदनशीलता को भी बढ़ा सकती है, जिससे डायबिटीज कंट्रोल हो सकती है.

लोबिया दाल में कम कैलोरी होती है और यह उच्च फाइबर सामग्री से भरपूर होती है, जो लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है. इसके सेवन से भूख में कमी आती है और यह वजन घटाने में मदद करती है. इसके अलावा यह मेटाबोलिज्म को बढ़ाती है, जिससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है. लोबिया दाल में प्रोटीन, आयरन और अन्य आवश्यक विटामिन्स और खनिज होते हैं, जो शरीर को नेचुरल एनर्जी प्रदान करते हैं. इसका सेवन करने से शरीर में एनर्जी का स्तर बढ़ता है और थकान कम होती है.



लोबिया दाल में विटामिन C और आयरन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को निखारने और बालों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं. इसके सेवन से त्वचा की चमक बढ़ती है और बालों का झड़ना कम होता है. लोबिया दाल कैल्शियम और फास्फोरस का अच्छा स्त्रोत है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं. इसके सेवन से हड्डियों का घनत्व बढ़ता है और उम्र बढ़ने के साथ होने वाली हड्डियों की समस्याओं का खतरा कम होता है.

लोबिया दाल में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को हानिकारक फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं. यह कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिम को भी कम करने में मदद कर सकता है और शरीर को निरंतर युवा बनाए रखता है. लोबिया दाल में पोटैशियम होने के कारण यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करती है. यह शरीर से अतिरिक्त सोडियम को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे बीपी सामान्य रहता है. लोबिया दाल का सेवन उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है जिन्हें वजन बढ़ाने की आवश्यकता होती है. इसमें प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करते हैं.

# अमृत समान है घड़े का पानी!

ठंडा पानी हमें थोड़ी देर के लिए आराम जरूर देता है, लेकिन इसके नुकसान भी होते हैं. इसके लिए, डॉक्टर्स घड़े के पानी को पीने की सलाह देते हैं, जो कई लिहाज से फायदेमंद होता है. आयुर्वेद में घड़े के पानी को अमृत बताया जाता है. वहीं, एलोपैथ के डॉक्टर भी इसके पानी के कई फायदे बताते हैं. घड़े का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है, जो स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होता है. अब सवाल है कि आखिर घड़े का पानी पीने के फायदे क्या हैं? गर्मियों में घड़े का पानी पीने से क्या होगा? आइए जानते हैं इस बारे में-

### खुशबू और पानी का स्वाद एक साथ

मटके में मिट्टी की खुशबू आती है, जो बहुत अच्छी लगती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, मटके का पानी गले से लेकर आंतों के लिए अच्छा होता है. मटके के पानी को बीमार व्यक्ति भी पी सकता है. इसके साथ ही मिट्टी के कारण इसमें कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं.

### फायदेमंद है घड़े का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि मटके में मिट्टी की वजह से पानी की अशुद्धियां दूर हो जाती हैं. मटके का पानी शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त कर इम्यून सिस्टम को भी बेहतर करता है. फ्रिज के पानी से जहां गला खराब, घमौरी या अन्य कई समस्याएं होती हैं. वहीं, मटके का पानी नुकसान नहीं देता है.

### गर्मी में घड़े का पानी पीने के फायदे

घड़े का पानी गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने का एक सस्ता और बढ़िया तरीका है. इसका पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है. सबसे अच्छी बात है कि मटके के पानी में मिनरल्स बढ़ते हैं, जबकि फ्रिज के पानी में मिनरल्स कम हो जाते हैं.

मिट्टी के बर्तन में क्षारीय गुण होते हैं, जो शरीर के पीएच लेवल को संतुलित रखते हैं. मटके का पानी पीने से पाचन क्रिया ठीक रहती है और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है. मिट्टी के घड़े के पानी में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं होता, जो इसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है. गर्मियों में इसे पीने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### विकास दुबे के साथी जय बाजपेई को मिली जमानत, आठ पुलिस वालों की हत्या में है नाम

**प्रयागराज.** कानपुर के बिकरू कांड के रूप में चर्चित एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे का साथी जय बाजपेई अब जेल से बाहर आ सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जयकांत बाजपेई को राहत देते हुए उसकी जमानत अर्जी शर्तों के साथ मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने जयकांत बाजपेई की दूसरी जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया है। दो जुलाई 2020 को कानपुर के बिकरू में पुलिस वालों ने गैंगस्टर विकास दुबे के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान विकास के साथियों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस फायरिंग में आठ पुलिस वालों की मौत हो गई थी। पुलिस ने भी बाद में विकास दुबे समेत उसके कई साथियों को मार गिराया था। जय बाजपेयी को भी आरोपी बनाते हुए छापेमारी हुई थी।

### यमुना में नहाने गईं 4 बच्चियों की डूबने से मौत

**आगरा.** यूपी के आगरा में मंगलवार को बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां भीषण गर्मी के बीच यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। उनमें से चार की मौत हो गई है। हादसे में जिंदा बची दोनों बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र में नगला नाथू के पास मंगलवार साढ़े 10 बजे के करीब ये लड़कियां यमुना नदी में नहाने गई थीं। इनमें 18 वर्षीय मुस्कान, उसकी छोटी बहन संध्या, दिव्या, चचेरी बहन नैना, मौसी की बहन सोनम, सुहानी शामिल थीं। उनके साथ उनका चचेरा भाई दीपेश भी था। दीपेश और डोसकी बहनें यमुना नदी में नहा रहे थे। तभी अचानक संध्या गहरे पानी में चली गई। उसे गहरे पानी में जाते देख बचाने के लिए मुस्कान और दिव्या भी गहरे पानी में घिर गईं और डूबने लगीं।

### 2 बाइकों की टक्कर में मां-बेटे समेत 3 की मौत

**गोंडा.** गोंडा जिले में मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरेंदा पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में मां और बेटे समेत तीन की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है जहां महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया जाता है कि मोतीगंज थाना क्षेत्र के सोढिया गांव निवासी मीना पत्नी राम मनि यादव अपने बेटे रंजीत पुत्र राममनि यादव और बिंदु के साथ मंदिर में दर्शन करने जा रही थी। रास्ते में उनकी बाइक का आमने-सामने से गढ़ी के सवतिहवा गांव निवासी मनोज बर्मा पुत्र दयाराम की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में मीना, रंजीत और मनोज की मौत हो गई। दुर्घटना में सोढिया गांव निवासी विन्दु पत्नी सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

### चाचा ने भतीजे की धारदार हथियार से की हत्या

**अयोध्या.** यूपी के अयोध्या में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर वर्षों से चली आर रहे भूमि विवाद में चाचा ने भतीजे को छप्पर में चारपाई पर सो रहे धारदार हथियार से चेहरे पर कई वार करके मार डाला। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल लालचन्द सरोज पुलिस टीम के साथ स्थल पर पहुंच कर युवक को सीएचसी ले आए, जहां डॉक्टरों ने ने मृत घोषित कर दिया।

# अब कोरोना से मौत का भी बढ़ रहा ग्राफ

- एक्टिव केस 4 हजार पार
- मृतकों की संख्या 37 पहुंची

**नई दिल्ली.** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गयी। अभी तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है।



पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गई। जिन पांच मरीजों की मौत हुई उनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के एक-एक, महाराष्ट्र के दो मरीज हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए, या फिर मास्क का इस्तेमाल करने तथा कोरोना के नियमों का पालन करने को कहा है।

कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1416 केरल में और उसके बाद 494 महाराष्ट्र में हैं। दिल्ली में 393 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 397, पश्चिम बंगाल में 372, कर्नाटक में 311, तमिलनाडु में 215, उत्तर प्रदेश में 138, राजस्थान में 75, हरियाणा में 44, आंध्र प्रदेश में 28, पुड्डुचेरी में 27, मध्य प्रदेश में 21 एक्टिव केस हैं।

झारखंड, छत्तीसगढ और बिहार में 11-11, ओडिशा में 15, जम्मू-कश्मीर और पंजाब नौ-नौ, गोवा में आठ, असम में छह, सिक्किम और तेलंगाना में चार-चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड में तीन, मिजोरम में दो और चंडीगढ़ में कोरोना के दो सक्रिय मामले हैं।

# बच्चों को पहली कक्षा से ही दी जाएगी मिलिट्री ट्रेनिंग

- महाराष्ट्र सरकार ने की घोषणा

**मुंबई.** हाल ही भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद अब महाराष्ट्र में बच्चों को पहली कक्षा से ही मिलिट्री ट्रेनिंग देने की योजना बनाई गई है। हाल ही में महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने घोषणा की है कि बच्चों में देशभक्ति की भावना और और अनुशासन और नियमित शारीरिक व्यायाम की आदत को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र में कक्षा 1 से ही छात्रों को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया है कि बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों की मदद ली जाएगी। इस दौरान भुसे ने कहा, 'छात्रों को कक्षा 1 से बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देने का



निर्णय लिया गया है। इससे देश के प्रति प्रेम पैदा करने में मदद मिलेगी और छात्रों को इससे बेहद फायदा होगा।'

शिवसेना नेता ने कहा कि प्रस्ताव को लागू करने के लिए स्पोर्ट्स टीच, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), स्काउट्स और गाइड्स के साथ 2.5 लाख पूर्व सैनिकों की मदद ली जाएगी। जानकारी के मुताबिक राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

# तमिलनाडु सरकार के बिलों को राज्यपाल ने मंजूरी दी

- CM स्टालिन बोले- गवर्नर सुप्रीम कोर्ट से डर गए
- SC ने बिल रोकने को अवैध बताया था

**चेन्नई.** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित 2 बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे।

राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जाएंगे।

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी। बेंच ने कहा था- राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। साथ ही सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को



अवैध भी बताया था।

कोर्ट ने कहा था कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं है। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। आदेश दिया कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं।

सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) में काम कर चुके पूर्व IPS अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था।

# हाईकोर्ट बोला- क्या आप इतिहासकार हैं

- नागरिकों के लिए जल, जमीन और भाषा अहम
- एक्टर बोले थे- कन्नड़ भाषा तमिल से निकली

कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन को कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी को लेकर मंगलवार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आपने किस आधार पर बयान दिया है। क्या आप इतिहासकार हैं या



भाषाविद? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है।

जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा, 'इस देश का विभाजन भाषा के आधार पर है। नागरिकों के लिए जल, जमीन और भाषा मायने रखते हैं। आपके बयान की वजह से अशांति फैली है। कर्नाटक के लोगों ने आपसे सिर्फ माफी की उम्मीद की थी। आप सुरक्षा मांगने यहां आ गए।'

दरअसल, कमल ने 24 मई चेन्नई में अपनी तमिल फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशनल इवेंट में कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से पैदा हुई है। कर्नाटक में इस बयान की काफी आलोचना हो रही है। कई कन्नड़ संगठन एक्टर से माफी की मांग कर रहा है। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (KFCC) ने 'ठग लाइफ' की रिलीज पर भी बैन लगा दिया है।

## ध्रुवीय प्रदेश में भी तैनात होगा भारत का शिप

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने देश का पहला पोलर रिसर्च शिप बनाने के लिए नॉर्वे के कोंग्सबर्ग के साथ समझौता किया है। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे के कोंग्सबर्ग के बीच एमओयू पर साइन किए गए। समझौते के तहत भारत के लिए स्वदेशी रूप से अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाने का काम आसान हो सकेगा। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला यह समझौता नई आशा को जन्म देगा।

# महबूबा मुफ्ती पहुंचीं खीर भवानी मंदिर और पूजा-अर्चना भी की

**बोलीं - कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास हो**

**गांदरबल.** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती मंगलवार को गांदरबल स्थित खीर भवानी मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना की। न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से जारी वीडियो क्लिप में महबूबा को मंदिर आते और पूजा-पाठ करते देखा जा सकता है। मंदिर से बाहर निकलते ही पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर में मुद्दों का समाधान बंदूकों से नहीं हो सकता। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। यह राजनीतिक प्रक्रिया तब तक हासिल नहीं हो



सकती जब तक हमारे सभी कश्मीरी पंडित कश्मीर वापस नहीं आ जाते और यहां आकर बसते नहीं हैं।'

महबूबा मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास की मांग करते हुए सोमवार को भी बयान दिया था। उन्होंने कहा कि समुदाय के फिर से एकीकरण को महज प्रतीकात्मक वापसी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे जम्मू-कश्मीर के साझा, समावेशी और दूरदर्शी भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मूल घर अब भी मौजूद हैं, लेकिन जीर्ण-शीर्ण या अर्ध-क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं, उन्हें संरचनात्मक मरम्मत और आधुनिकीकरण के लिए लक्षित वित्तीय अनुदान या ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाना चाहिए। महबूबा ने समुदाय के लिए 2 विधानसभा सीट आरक्षित करने की भी मांग की।

# वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल लॉन्च करेगी सरकार

- 6 जून को लॉन्च होगा उम्मीद पोर्टल
- 6 महीने के अंदर सभी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जरूरी

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार 6 जून को 'उम्मीद' पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। 'उम्मीद' का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग




की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा।

### रजिस्ट्रेशन के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है

रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो 1 से 2 महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले फायदों का अहम मकसद महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मदद देना रहेगा। यह पोर्टल हाल ही में पास हुए वक्फ (संशोधन) बिल, 2025 के तहत लॉन्च किया जा रहा है। यह बिल संसद में बहस के बाद पास हुआ था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी थी।

# जोकोविच की फ्रेंच ओपन में 100वीं जीत



- नडाल के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी
- ज्वेरेव अगले दौर में

नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को चौथे दौर में 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी 100वीं जीत दर्ज की। इस उपलब्धि के साथ जोकोविच फ्रेंच ओपन में 100 जीत हासिल करने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, पहले खिलाड़ी राफेल नडाल हैं, जिनके नाम 112 जीत दर्ज हैं।

इस जीत के साथ जोकोविच लगातार 16वें साल फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। अब उनका सामना क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जो टैलन ग्रिकस्पूर के चोट के कारण रिटायर होने के बाद अगले दौर में पहुंचे हैं।

जर्मन टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया है। चौथे दौर के मैच में उनके प्रतिद्वंद्वी टैलन ग्रिकस्पूर ने पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण दूसरे सेट में 6-4, 3-0 के स्कोर पर मैच छोड़ दिया ।

### ज्वेरेव ने गलती से एक मक्खी निगल ली

इस मैच के दौरान एक मजेदार घटना भी हुई जब पहले सेट में ज्वेरेव ने गलती से एक मक्खी निगल ली, जिससे खेल थोड़ी देर के लिए रुका।

अब क्वार्टर फाइनल में ज्वेरेव का सामना सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से होगा। ज्वेरेव और जोकोविच के बीच अब तक 13 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से ज्वेरेव ने 5 बार जीत हासिल की है।

## पाकिस्तान में कराची की जेल से 216 कैदी भागे

**कराची.** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था।

जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की।

इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले।

# देश के एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है -हाईकोर्ट



**कोलकाता.** इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने पनोली को फटकार लगाई है और लोगों की भावनाओं के ठेस पहुंचाने की बात कही है। पनोली की तरफ से पेश हुए वकील ने उनके खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने की मांग की है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर टिप्पणी करने के चलते पनोली के खिलाफ ऐक्शन हुआ था।

बार एंड बेंच के अनुसार, कोर्ट ने कहा, 'हमारे देश के एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमारे यहां बोलने की आजादी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को आहत करो। हमारा देश विविधताओं से भरा है।' पनोली की तरफ से कोर्ट में सीनियर एडवोकेट डीपी सिंह पेश हुए थे। वहीं, स्टेट का पक्ष रखने सीनियर एडवोकेट कल्याण बंदोपाध्याय आए थे।

कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार रात हरियाणा के गुरुग्राम से शर्मिष्ठा पनोली को सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला एक वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वीडियो में कहा गया था कि बॉलीवुड कलाकार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चुप हैं। शनिवार को कोलकाता की एक अदालत ने पनोली को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सुनवाई के बाद कोर्ट में पनोली को मिलने वाली सुविधाओं का भी जिक्र आया। कोर्ट ने राज्य को बयान रिकॉर्ड किए कि पनोली को भी वो सभी सुविधाएं दी जा रही हैं, जो अन्य कैदियों को मिलती हैं। इसपर एडवोकेट सिंह बोले, 'क्या यह मानवाधिकार है। मैं हैरान हूं।' कोर्ट ने सिंह से कहा, 'अपनी एनर्जी दूसरे केस के लिए बचाकर रखें।' कोर्ट ने कहा, 'एक आतंकवादी को भी इसका अधिकार होता है...।'

## पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर हत्या

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर फरार हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 जून को ही सना का 17वां जन्मदिन भी था। उसके जन्मदिन पर एक शख्स रिश्तेदार बनकर घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### हत्यारा गिरफ्तार

समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सना यूसुफ का हत्यारा गिरफ्तार हो गया है। आरोपी पंजाब का है और उसकी सना से पहले से जान पहचान थी। शुरुआती जांच से पता चलता है कि हत्या के पीछे का मकसद व्यक्तिगत रंजिश थी। पुलिस ने संदिग्ध के कब्जे से हत्या का हथियार भी बरामद किया है। अधिकारियों ने कहा कि CCTV फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है।

# एक के बाद एक 5 विस्फोटों से दहल गया मेरठ शहर



- मकान की छत उड़ी

**मेरठ.** यूपी के मेरठ जिले के कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक के बाद एक 5 विस्फोटों से पूरा इलाका दहल उठा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जाहिदीयान में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने ही गली में स्थित एक मकान में ये विस्फोट हुए। एक के बाद एक पांच धमाके हुए। धमाके इतने तेज थे कि पूरा इलाका सहम गया। विस्फोटक सामग्री गंधक और पोटाश में धमाका होने के कारण मकान की छत और दीवारें उड़ गई। इस दौरान आसपास का पूरा इलाका दहल गया और ईंटें बिखर गई। फिलहाल एक संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कोतवाली में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने मोहल्ला जाहिदीयान में शादाब और शाहीन का मकान है। दोनों भाई ई रिक्शा चलाने और शादी समारोह में आतिशबाजी का काम करते हैं। इन्हीं लोगों ने घर की छत पर विस्फोटक भरके रखा था और कुछ पटाखे भी सुखाए हुए थे। मंगलवार को करीब 11:45 बजे अचानक की विस्फोटक सामग्री में धमाके हुए। एक के बाद एक पांच विस्फोट के कारण पूरा इलाका दहल गया और मकान की छत उड़ गई। एक तरफ की दीवार भी गिर गई। पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। धमाके इतने तेज थे कि 100 मीटर दूर बुढ़ाना गेट चौकी तक इलाका दहल गया और धमाके की आवाज सुनाई दी।

# पाकिस्तान जाने से पहले-आने के बाद काशी गई यूट्यूबर ज्योति

**PM ने जिस वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, उसमें भी सवार थी; NIA वाराणसी लाएगी**

**नई दिल्ली.** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को NIA काशी लेकर आएगी। अभी तक की जांच में ज्योति के पाकिस्तान और काशी के बीच मूवमेंट का चौंकाने वाला ट्रेंड सामने आया है।

2022 के बाद ज्योति 4 बार पाकिस्तान गई, लेकिन इस विजिट से पहले या बाद में वह काशी जरूर गई। ज्योति ने इसके वीडियो अपने चैनल 'ट्रैवल विद जो' पर पोस्ट किए हैं।

ज्योति काशी की विजिट बार-बार क्यों कर रही थी? क्या किसी



के कहने पर चुनिंदा स्पॉट के वीडियो बनाकर पोस्ट किए गए? इन सवालों के जवाब जानने NIA वाराणसी पहुंची। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी ने ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल के बैरक नंबर दो में रखा है।

दरअसल, ज्योति का परिवार भारत-पाक बंटवारे में पाकिस्तान से संयुक्त पंजाब के फरीदकोट में आकर बसा था। यहां 5 महीने किराए के मकान में रहने के बाद ये परिवार हिसार आ गया था। ज्योति के दादा और ताऊ-चाचा हिसार में भी दो जगह किराए पर रहे। कुछ साल पहले न्यू अग्रसेन कॉलोनी में ज्योति के पिता ने 55 गज का घर बनाया था।

# कांग्रेस में 3 तरह के घोड़े

**भोपाल.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में पार्टी को लेकर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कांग्रेस में तीन तरह के घोड़े हैं- रेस का घोड़ा, बारात का घोड़ा और तीसरा लंगड़ा घोड़ा। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि हमको इन्हें अलग करना ही होगा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के काम पर बोलते हुए कहा कि हम लोग इसकी मदद से तय करेंगे कि किस घोड़े के साथ क्या करेंगे।

राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए वहां मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये हमारी सेना है। ये लड़ने के लिए तैयार है। ये मरने के लिए तैयार है, लेकिन बीच में कुछ लोग उल्टे-सीधे बयान दे देते हैं। आगे राहुल गांधी ने बताया कि कौन लोग हैं, जो ऐसे बयान देते हैं।

कुछ लोग ऐसे हैं जो फ्रस्ट्रेशन में दे देते हैं। कुछ लोग थोड़ा बीजेपी का भी काम कर लेते हैं। हमें कहीं ना कहीं से शुरूआत करनी ही होगी। इसलिए कांग्रेस की वर्किंग कमेटी ने निर्णय लिया है कि शुरुआत जिला और जिला अध्यक्ष के पद से होगी और वहां से उस शुरूआत से हम पार्टी को एमपी और गुजरात समेत अन्य हिस्सों में खड़ा करेंगे।

## संक्षेप...

### दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के रबाले इलाके में एक व्यक्ति को लॉज में एक महिला के पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध की पहचान ठाणे जिले के मुंब्रा निवासी फरदीन समीर खान (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उसने महिला को कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों के साथ ब्लैकमेल करने के बाद 25 मई को म्हापे एमआईडीसी क्षेत्र में एक लॉज में ले गया था। जांच के अनुसार यह अपराध उस दिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे के बीच हुआ। पुलिस ने बताया कि खान को बलात्कार और अन्य अपराधों के लिए गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# पड़घा-बोरीवली गांव में ATS का बड़ा ऐक्शन

■ **12 संदिग्ध हिरासत में**



**भिवंडी.** दहशतवाद से कथित संबंधों को लेकर चर्चित भिवंडी तालुका के बोरिवली गांव में एक बार फिर आतंकवाद विरोधी पथक (एटीएस) ने 2 जून सोमवार तड़के व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। सुबह करीब 3 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की गई, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज़, धारदार हथियार और संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। यह ऑपरेशन आतंकी आरोपी साकिब नाचण के गांव में अंजाम दिया गया, जिसकी छवि लंबे समय से आतंकवाद के संदिग्ध नेटवर्क से जुड़ी रही है। इस सघन कार्रवाई में मुंबई एटीएस के करीब 100 अधिकारी-कर्मचारी तथा ठाणे ग्रामीण, रायगढ़ ग्रामीण और नासिक से आए 20 से अधिक पुलिस दलों के 350 से अधिक जवान शामिल थे। कार्यवाही ठाणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. डीएस स्वामी के मार्गदर्शन में की गई।

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (ATS) ने आतंकवाद से संबंधित मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी की। इसके बाद 12 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। एक अफसर ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई यूनिट ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से यह कार्रवाई की। मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब 4 बजे छापेमारी शुरू हुई। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (SIMI) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग 2 दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर व परिसर शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि जमीन डीलर और सिमी का पूर्व सदस्य फराक जुबैर मुल्ला भी उन व्यक्तियों में शामिल है जिनके घरों पर छापेमारी की गई। पता चला कि वह हज पर सऊदी अरब गया था। उसका बड़ा भाई हसीब जुबैर मुल्ला 2002 और 2003 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामलों में आरोपी है।

### आरोपियों के बारे में जानकारी

अधिकारी ने बताया कि हसीब ने 10 साल की सजा काट ली है। 9 दिसंबर 2023 से वह आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में साकिब नाचन के साथ दिल्ली की एक जेल में सलाखों के पीछे है। अब्दुल लतीफ कासकर एक गोदाम में काम करता है और उसके घर पर भी छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि वह फरहान सुसे का करीबी दोस्त है, जिसे दिल्ली में एक आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने हिरासत में लिया था। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 6 व्यक्ति अपने घरों पर नहीं मिले। उन्होंने बताया कि छापेमारी दोपहर तक जारी रही और संदिग्धों से कई घंटों तक पूछताछ की गई।

# बकरीद में पशु बाज़ारों पर लगा प्रतिबंध हटा



**मुंबई.** 7 जून को बकरीद है, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य पशु कल्याण आयोग के विवादास्पद निर्देश को पलट दिया है, जिसमें 3 जून से 8 जून तक सभी पशु बाज़ारों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। महाराष्ट्र सरकार ने बकरीद की प्रत्याशा में पशु बाज़ारों पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सरकार ने मुंबई के देवनार बूचड़खाने को अपग्रेड करने की योजना को मंज़ूरी दे दी है, जो 54 वर्षों से चल रहा है, जैसा कि सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के साथ एक बैठक में भाग लेने वाले मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने कहा।

यह बैठक, जिसमें सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया, मुस्लिम त्यौहार की व्यवस्था का आकलन करने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें बलिदान के सार को याद करने के लिए बकरों की रस्म निभाई जाती है।

# सोसाइटी में ज़बरदस्ती बकरा काटा तो सरकार कार्रवाई करेगी -नितेश राणे



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी सोसाइटी में ज़बरदस्ती बकरा काटा गया, तो हमारी हिंदुत्व सरकार उसके खिलाफ ज़रूर कार्रवाई करेगी. यह किसी के अब्बा का पाकिस्तान नहीं है. यह हमारा हिंदू राष्ट्र है, यहां शरीया कानून लागू नहीं है. सपा विधायक अबू आजमी ने कहा कि कुर्बानी देना हमारा अधिकार है. इस पर उन्होंने कहा, क्या पटाखे फोड़ना हमारा अधिकार नहीं है? होली खेलना हमारा अधिकार नहीं है? यदि हम भी ज़बरदस्ती करने लगें तो? हमें होली खेलने से क्यों रोका जाता है? हमें पटाखे फोड़ने से क्यों रोका जाता है? जब भी कोई हिंदू त्योहार आता है, ये लोग कोई न कोई मुद्दा खड़ा करके त्योहार मनाने से रोकने की कोशिश करते हैं.

### 'हमें फोकट में सलाह दी जाती है'

नितेश राणे ने कहा, जब हमारा हिंदू त्योहार आता है, होली पर हमें फोकट में सलाह दी जाती है कि ड्राई होली मनाओ, पर्यावरण के अनुकूल होली मनाओ. जब हमारी दीवाली आती है, तो कहा जाता है कि पटाखे मत फोड़ो, इससे पर्यावरण को नुकसान होता है. अब वही लोग, जो हमें फोकट की सलाह देते हैं, बकरीद के समय क्यों नहीं कहते कि पर्यावरण के अनुकूल बकरीद मनाओ? क्यों नहीं कहते कि 'वर्चुअल बकरा काटो'? ऐसा क्यों नहीं कहा जाता? मुस्लिम समाज मिलकर ऐसा क्यों नहीं सोचता कि इस त्योहार में हजारों बकरे काटे जाते हैं, चलो हम इस बार पर्यावरण के अनुकूल बकरीद मनाते हैं?

### ट्रांसजेंडर महिला पर चाकू से हमला

**मुंबई.** 55 वर्षीय व्यक्ति, जो पीड़िता का चाचा है, पर 38 वर्षीय ट्रांसजेंडर महिला पर चाकू से हमला करने और बलात्कार की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फिलहाल घटना की जांच कर रही है। पीड़िता गोरेगांव ईस्ट में तीन अन्य ट्रांसजेंडर महिलाओं के साथ रहती है।

विवाद एक ऐसी संपत्ति को लेकर हुआ, जिसका वर्तमान में पुनर्विकास किया जा रहा है। गोरेगांव ईस्ट में रहने वाली पीड़िता ट्रांस महिला ने आरोप लगाया कि उसके चाचा ने अन्य वैध परिवार के सदस्यों की सहमति के बिना अवैध रूप से संपत्ति का स्वामित्व अपने नाम पर स्थानांतरित कर लिया था।

# गृह राज्य मंत्री की कार्रवाई के बावजूद ठाणे-नौपाड़ा में सक्रिय हुए माफिया!

■ **दर्जनों शिकायतों के बावजूद माफियाओं के जाल में ठाणे शहर**

**ठाणे.** पिछले दिनों महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने नवी मुंबई के एक डांस बार में खुद छापा मारा था। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई करने में आना कानी की शिकायत मिलने के बाद गृह राज्य मंत्री खुद ग्राहक बनकर बैठे थे। बार पर कार्रवाई के बाद मीडिया के सामने उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि जहां भी अवैध धंधे चल रहे होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । बावजूद इसके मात्र दो दिन बाद ही थाने और नौपाड़ा पुलिस स्टेशन की हद में आने वाले आधा दर्जन से अधिक जुगार और क्लब के अड्डे फिर से अपनी रवानी में आ गए। इस मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट और लॉ स्टूडेंट रूपेश रविढोने ने मुख्यमंत्री समेत गृह राज्य मंत्री को मेल भेज कर शिकायत की है कि ठाणे रेलवे स्टेशन पश्चिम में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन की हद में गिरनार चाय के बगल की गली में साइकिल स्टैंड में इब्राहिम और राजेश घारू का जुगार क्लब पिछले 6 महीने से बंद था जो कि 2 दिन से फिर शुरू हो गया।

गृह राज्य मंत्री योगेश कदम की चेतावनी के बाद भी ठाणे शहर के अंतर्गत रामचंद्र रोड पर स्थित इंस्टेंट प्लाजा बिल्डिंग में अनंता क्लब में मलिक विष्णु और मैनेजर सुदर्शन चंदनशिवे के अलावा उसी परिसर में स्थित इंडियाना क्लब में मलिक जीतू द्वारा अवैध क्लब चलाकर प्रतिदिन करोड़ों रुपए का जुगार का धंधा कराया जा रहा है। इसी परिसर में ही आर. के . क्लब, वेलकम क्लब और रवि का क्लब धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। रूपेश रविढोने ने आश्चर्य प्रकट किया है कि गृह राज्य मंत्री की चेतावनी के बाद अवैध धंधों पर लगाम लगने की बजाय वे और जोर-जोर से शुरू हो गए हैं। बता दे की जुगार के अड्डों पर बड़ी संख्या में नागरिक प्रतिदिन बर्बाद हो रहे हैं जिसकी वजह से उनका परिवार बिखर कर सड़क पर आ जाता है। देश को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले महाराष्ट्र में इस तरह जुगार चलाकर महाराष्ट्र की जनता को लूटना सरासर अन्याय है। रूपेश रविढोने ने गृह मंत्री से मांग की है कि जनता को लूट रहे इन धंधों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें संरक्षण दे रहे पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है, ताकि महाराष्ट्र देश के सामने एक आदर्श राज्य के रूप में प्रस्तुत हो सके।

# मनपा ने घोडबंदर रोड पर किया स्वच्छता अभियान

■ **माजीवाडा से गायमुख तक मुख्य सड़क के दोनों ओर की सर्विस रोड की सफाई**

■ **सड़क के चार खंडों के लिए अलग-अलग अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई**



**ठाणे.** राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के अनुसार मनपा 3 और 4 जून को संपूर्ण घोड़बंदर रोड पर बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान मुख्य सड़क, सर्विस रोड, डिवाइडर, चौक आदि सभी स्थानों पर चलाया जा रहा है।यह मंगलवार सुबह से शुरू हुआ है। यह अभियान बुधवार सुबह भी जारी रहेगा।

मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार माजीवाड़ा-मानपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत घोड़बंदर रोड पर गहन स्वच्छता अभियान की योजना बनाई गई।

इस सड़क को चार खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें कपूरबावड़ी से पातलीपाड़ा, पातलीपाड़ा से हाइपर सिटी, हाइपर सिटी से नागला बंदर, नागला बंदर से गायमुख शामिल हैं। प्रत्येक खंड के लिए एक समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समन्वय अधिकारी के साथ-साथ प्रत्येक खंड के लिए एक सहायक आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, उप अभियंता, उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता और सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।पूरे घोड़बंदर रोड की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इस अभियान में कचरा हटाना, मलबा हटाना, डिवाइडर की सफाई, नालियों और सीवरों से गाद निकालना, सड़क के किनारों की सफाई और मुख्य सड़क, सर्विस रोड और डिवाइडर पर पेड़ों की कटी हुई टहनियों को हटाने का काम किया जा रहा है।अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया है।

### 500 सफाई कर्मचारियों की भागीदारी

इस अभियान में मनपा के घन कचरा विभाग के साथ-साथ उद्यान विभाग, लोक निर्माण विभाग,प्रभाग समिति, एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी और मेट्रो ने भी भाग लिया है। यह अभियान करीब 500 सफाई कर्मचारियों, 15 डंपरों और दोनों यांत्रिक सफाई मशीनों की मदद से चलाया गया है।इस समन्वय के लिए उपायुक्त मनीष जोशी और दिनेश तायडे, उपनगरीय इंजीनियर विकास ढोले और सुधीर गायकवाड़ जिम्मेदार हैं।स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, माजीवाड़ा-मानपाड़ा वार्ड समिति सहायक आयुक्त सोनल काले ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उन्हें सौंपे गए विभाग में व्यापक सफाई अभियान में भाग लिया।

### कोंकण विभागीय कार्यालय में 10 जून को पेंशन न्यायालय

**नवी मुंबई.** कोंकण संभाग में पेंशन न्यायालय प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को आयोजित किया जाता है। इस माह का संभागीय पेंशन न्यायालय मंगलवार, 10 जून, 2025 को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। यह कक्ष क्रमांक 106, सामान्य प्रशासन शाखा, विभागीय आयुक्त कार्यालय, कोकण भवन में आयोजित किया गया है। इस पेंशन न्यायालय में राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लंबित पेंशन मामलों का समाधान किया जाएगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन मामलों के संबंध में यदि कोई शिकायत है, तो उक्त दिन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। कोंकण संभाग के पेंशन धारक इस पेंशन न्यायालय में उपस्थित होकर पेंशन के संबंध में अपने प्रश्न उठाएं। यह जानकारी कोंकण संभाग के पी. तहसीलदार, (सामान्य प्रशासन) नरेश जगताप ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए 1.25 लाख ऑनलाइन आवेदन

■ **30 जून से पहले वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अपील**

**ठाणे.** राज्य सरकार ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (HSRP) लगाना अनिवार्य किए जाने के बाद ठाणे में इसके नतीजे दिखने लगे हैं।ठाणे आरटीओ कार्यालय की वेबसाइट पर 1 लाख 25 हज़ार से ज़्यादा वाहन मालिकों ने नई नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन आवेदन किए हैं।

नकली नंबर प्लेट लगाकर किए जा रहे अपराध

सड़क पर चलने वाला वाहन आख़िर किसका है? विभिन्न कारणों से वाहन की नंबर प्लेट से वाहन की असली पहचान करना मुश्किल हो जाता है और इसके समाधान के तौर पर राज्य सरकार ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए महाराष्ट्र सरकार के परिवहन विभाग ने 4 दिसंबर 2024 को एक मॉडल ऑपरेटिंग सिस्टम जारी किया है। इसके अनुसार अब सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। 1 अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी हुई है। हालांकि उन पहले के वाहनों पर एक नई तरह की नंबर प्लेट लगानी होगी।

ठाणे आरटीओ विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट www.transport.maharashtra.gov.in पर जाकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ऑनलाइन बुकिंग पर क्लिक करके आप सारी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।मुख्य आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में करीब एक लाख 25 हजार पुराने वाहनों ने 1 जून 2025 तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें से 98 हजार वाहनों को अपॉइंटमेंट दी गई है और 60 हजार वाहनों ने नई नंबर प्लेट लगवाई है यह जानकारी उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने दी।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के काम के लिए आरटीओ कार्यालय ने तीन अधिकृत कंपनियों को नियुक्त किया है। अगर किसी अनधिकृत विक्रेता से ऐसी नंबर प्लेट लगवाई जाती है तो वाहन केंद्र सरकार के डेटाबेस में पंजीकृत नहीं होगा। इससे 30 जून 2025 के बाद बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

–रोहित काटकर
(उप आरटीओ अधिकारी ठाणे)

# दीपिका की 8 घंटे शिफ्ट डिमांड पर बहस जारी

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर निकलने को लेकर चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक, दीपिका ने फिल्म के सेट पर रोजाना केवल आठ घंटे काम करने सहित कुछ शर्तें रखीं थीं, जिन्हें निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कोई दीपिका की तारीफ कर रहा है, तो कोई इसे 'अनरियलिस्टिक' बता रहा है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब एक्ट्रेस राधिका आप्टे से पूछा गया कि क्या फिल्म इंडस्ट्री में नई माओं को प्रेरणा और समर्थन मिल रहा है? तो हाल ही में मां बनी राधिका ने कहा, ₹मैंने समझ लिया है कि भारत में जिस तरह से काम होता है, वह अब मेरे लिए संभव नहीं है क्योंकि यहां एक सामान्य शिफ्ट ही कम से कम 12 घंटे की होती है। इसमें मेकअप का समय शामिल नहीं होता। हेयर और मेकअप मिलाकर यह 13 घंटे हो जाता है, ऊपर से ट्रैवल का समय भी जोड़ लीजिए और कोई शूटिंग समय पर खत्म नहीं होती।



### मणिरत्नम ने किया दीपिका का समर्थन

मशहूर निर्देशक मणिरत्नम ने हाल ही में अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज से पहले इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है यह एक सही मांग है। मुझे खुशी है कि वह (दीपिका) ऐसी स्थिति में हैं कि वो ये मांग कर सकती हैं। मुझे लगता है कि एक फिल्ममेकर के तौर पर जब आप कास्ट करते हैं, तो आपको इसे ध्यान में रखना चाहिए। यह कोई बेवजह की बात नहीं है, बल्कि एक जरूरी चीज है। इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आपको इसे स्वीकार करना होगा, समझना होगा और इसके मुताबिक काम करना होगा।"

# 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' पर व्यापक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान

■ **देश भर के 18 में महाराष्ट्र के 6 पर्यटन स्थलों का समावेश**

**मुंबई.** प्रकृति मानव जीवन की सदा-संगीनी रही है, उसकी छांव में सभ्यताओं ने आकार लिया, संस्कृतियाँ पनपीं और जीवन निरंतर रूप से विकसित होता रहा। किंतु जब मानवीय स्वार्थ ने संतुलन का दायरा लांघा, तब इस जीवनदायिनी प्रकृति को क्षतिग्रस्त होना पड़ा। मानव शायद यह भूल जाता है कि वह स्वयं भी इसी प्रकृति का ही एक अंग है। आज, पर्यावरणीय संकट की गूंज वैश्विक चेतना को झकझोर रही है और इसी अनुभूति के तहत संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित किया जाता है।

इस वैश्विक पहल से प्रेरणा लेते हुए, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के लोकमंगलकारी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' को केंद्र में रखते हुए देशभर के 18 प्रमुख पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर 5 जून को प्रातः 8.00 से दोपहर 2.00 बजे तक एक व्यापक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रही है। यह प्रयास न केवल स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह आज की युवा पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने और संरक्षण की भावना को व्यवहार में उतारने की एक प्रेरणादायक पहल भी है। एक ऐसा अभियान जो सेवा, सद्भाव और सजगता को जनचेतना से जोड़ता है।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वर्ष 2014 से ही संयुक्त राष्ट्र के 'युनाईटेड नेशन एनवाईरनमेंट प्रोग्राम' पर्यावरण कार्यक्रम की थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित कर रहा है। यह एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत जनचेतना अभियान है जो प्रकृति और मानवता के बीच सौहार्दपूर्णसंबंध को पुनः सशक्त करता है।

इस महाअभियान के अंतर्गत देश के विविध प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण 18 प्रमुख पर्वतीय एवं पर्यटक स्थलों को सम्मिलित किया गया है, जिनमें महाराष्ट्र के महाबलेश्वर, पंचगनी, खंडाला, लोनावाला, पन्हाला एवं सोमेश्वर; उत्तराखंड के मसूरी, ऋषिकेश, लैंसडाउन, नैनीताल, चकराता एवं भवाली; हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली और धर्मशाला; गुजरात का सापुतारा; सिक्किम का गीजिंग और कर्नाटक की सुरम्य नंदी हिल्स विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ये स्थल न केवल प्रकृति की गोद में बसे हैं, बल्कि पर्यावरण जागृति के प्रति समर्पित ऐसे केंद्र बिंदु बन रहे हैं जहाँ निष्काम सेवा और सहभागिता एक साथ साकार हो रही हैं।

# आईटीआई छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन

■ **मुख्यमंत्री करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन**

**नवी मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर 6 जून, 2025 को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बेलापुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की अभिनव अवधारणा के माध्यम से साकार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूरे महाराष्ट्र में एक साथ सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के एक विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बेलापुर विधानसभा की विधायक मंदा म्हात्रे, आईटीआई बेलापुर के आईएमसी अध्यक्ष निशांत खाड़े के साथ-साथ नवी मुंबई महानगरपालिका की पूर्व नगरसेविका सरोज पाटिल जैसे प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। शिवराज्याभिषेक दिवस के अवसर पर छात्रों में सकारात्मक विचारों का संचार करने के लिए ₹नागरिकता और शिष्टाचार₹ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यान राजकीय तकनीकी महाविद्यालय, रत्नागिरी के सेवानिवृत्त निदेशक दिनेश नागोबा अलेवाड द्वारा दिया जाएगा .




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099